देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंकः 282 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 20 दिसंबर 2019


**विचार–प्रवाह...**सरकारी नौकरी हासिल करना





PAGE 3 PUBLICATION | मौसम | अधिकतम $17.0^0$ | न्यूनतम $7.0^0$ | 41673.92


2 पीओके पर पाक की नापाक साजिश

7 सिलेब्रिटी लिस्ट के ‘दबंग’ बने कोहली


# नागरिकता कानून पर संग्राम

■ पूरे उत्तर प्रदेश में धारा 144 लगाने का ऐलान कर दिया गया है

## दिल्ली से लेकर केरल तक विपक्ष का हल्ला बोल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश के कई हिस्सों में नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शन जारी है। आज वामपंथी पार्टियों ने देशव्यापी बंद बुलाया है। उसे अलग–अलग राज्य में विभिन्न विपक्षी पार्टियों का भी समर्थन मिल रहा है। दिल्ली में डेढ़ दर्जन मेट्रो स्टेशन बंद कर दिए गए हैं। बिहार में में ट्रेनें रोकी जा रही हैं। बंद के कारण यातायात के अन्य साधनों पर भी असर पड़ा है। उधर, अलग–अलग राज्यों की सरकारें और प्रशासन परिस्थितियों के मुताबिक सामान्य चेतावनी देने से लेकर प्रभावित इलाकों में धारा 144 तक लगा चुकी है। निषेधाज्ञा की अवहेलना करने पर देशभर से हजारों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है। इनमें इतिहासकार रामचंद्र गुहा से लेकर पॉलिटिकल लीटर योगेंद्र यादव तक शामिल हैं।

**दिल्ली में बड़ा प्रदर्शनः** दिल्ली में सीएए के खिलाफ संग्राम बढ़ गया है। हालात को काबू रखने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। एयरटेल ने बताया है कि उसने सरकार के निर्देश पर कुछ इलाकों में अपनी पूरी सेवा ठप कर दी है। उधर, निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने पर स्वराज अभियान के अध्यक्ष योगेंद्र यादव को लाल किले के पास से हिरासत में ले लिया गया है। वहीं, कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित को मंडी हाउस से पुलिस हिरासत में लिया गया।

कोलकाता में फिल्म मेकर अपर्णा सेन ने प्रदर्शनकारियों की अगुवाई की। गुवाहाटी में कांग्रेस लीडर हरीश रावत और रिपुन बोरा ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया। हैदराबाद में पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया।



### लखनऊ में प्रदर्शनकारियों का बवाल

लखनऊ। यूपी की राजधानी लखनऊ में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर विरोध–प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया है। लखनऊ के कई इलाकों में हिंसा फैल गई है। उपद्रव के दौरान दो पुलिस चौकी भी जला दी गई, जबकि बाहर खड़े वाहनों को फूंक दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने लखनऊ के डालीगंज और हजरतगंज इलाके में जमकर उत्पात मचाया। इलाके में जमकर तोड़फोड़ और पथराव हुआ। भीड़ को तितर–बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े और लाठीचार्ज करना पड़ा। लखनऊ में उपद्रवियों ने मीडिया के ओबी वैन को भी आग के हवाले कर दिया।

### हुसैनाबाद में स्थिति नियंत्रण मेंः एसएसपी

लखनऊ के एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया कि हुसैनाबाद में स्थिति नियंत्रण में है। भीड़ हिंसक हो गई थी लेकिन फोर्स ने धैर्य बनाए रखा। उन्होंने कहा कि बल प्रयोग के बाद भीड़ तितर–बितर हो गई इसलिए संपत्तियों को नुकसान नहीं पहुंचा। एसएसपी ने बताया कि फिलहाल, फोर्स को दूसरी जगह भेज दिया गया है। मौजूदा हालात के लिए जिम्मेदार तकरीबन 40–50 लोगों के जिले भर में गिरफ्तार किया गया है। वहीं, यूपी के डीजीपी ओपी सिंह ने हजरतगंज का दौरा किया जहां प्रदर्शन के दौरान प्रोटेस्टर्स हिंसक हो गए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जामिया स्टूडेंट्स को एचसी से अंतरिम राहत नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने नए नागरिकता कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के दौरान जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में हिंसा से संबंधित एक याचिका पर की केंद्र, दिल्ली सरकार और पुलिस को नोटिस जारी किया है। यह याचिका घटना पर फैक्ट फाइंडिंग कमिटी गठित किए जाने की मांग को लेकर दायर की गई है। हालांकि, चीफ जस्टिस डी एन पटेल की पीठ ने गिरफ्तारी सहित दंडात्मक कार्रवाई से छात्रों को अंतरिम संरक्षण प्रदान करने से इनकार कर दिया। छात्रों को अंतरिम संरक्षण न मिलने पर वकीलों ने शेम शेम के नारे लगए।

### गृह मंत्रालय ने कहा– खुद को गुमराह होने से बचाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। नागरिकता कानून को लेकर देश भर में बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच गृह मंत्रालय ने लोगों को अफवाहों से बचने की सलाह दी है। मंत्रालय ने सलाह दी है कि खुद को गुमराह न होने दें और गलत सूचना का शिकार न बनें। मंत्रालय ने कुछ सवालों का जवाब देते हुए पूरे मामले पर लोगों को नागरिकता कानून से संबंधित मुद्दों पर जानकारियां भी दी हैं। मंत्रालय ने कहा है कि अपना स्वार्थ साधने वालों के बहकावे में न आकर खुद पढ़ें, समझें और फिर इस मामले में विवेक से अपनी राय बनाएं।

### देश में हिंदू–मुस्लिम दंगे कराना चाहती है बीजेपी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
अहमदाबाद। संशोधित नागरिक कानून को लेकर पूरे देश में हो रहे हिंसक प्रदर्शन के बीच गुजरात कांग्रेस के नेता हार्दिक पटेल ने आरोप लगाया है कि बीजेपी देश में दंगे कराना चाहती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी चाहती है कि देश में आंदोलन हो और इसके बाद वह इस आंदोलन को हिंदू–मुस्लिम दंगे में परिवर्तित कर दे।

## हिम्मत है तो सीएए पर यूएन की निगरानी में कराएं जनमत संग्रह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। नागरिकता कानून और एनआरसी के मुद्दे पर चल रहे बवाल के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बेहद अजीबोगरीब मांग रखी है। ममता बनर्जी ने कहा है कि इस पूरे मामले पर संयुक्त राष्ट्र की निगरानी में जनमत संग्रह कराना चाहिए। भारत के आंतरिक मामले में विदेशी हस्तक्षेप की मांग हैरान करने वाली है। दरअसल, ममता ने आज बीजेपी को चुनौती भरे लहजे में कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी में दम है तो उसे संयुक्त राष्ट्र की निगरानी में नागरिकता कानून और एनआरसी पर जनमत संग्रह करा लेना चाहिए। उन्होंने यह बात सार्वजनिक रूप से विरोध प्रदर्शन करते हुए कही।

# निर्भयाः नाबालिग पैंतरा फेल, वकील पर जुर्माना

### निर्भया की मां की अपील के बाद हाई कोर्ट ने 24 जनवरी की जगह बृहस्पतिवार की सुनवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। निर्भया गैंगरेप के दोषियों में से एक पवन गुप्ता की याचिका को दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। यही नहीं दिल्ली हाई कोर्ट ने दोषी के वकील ए. पी. सिंह पर अदालत के साथ ‘लुका छिपी’ का खेल खेलने के लिए 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। साथ ही दिल्ली बार काउंसिल को भी निर्देश दिया है कि दोषी पवन कुमार की आयु के संबंध में फर्जी हलफनामा दाखिल करने के लिए वकील के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बता दें कि पहले कोर्ट ने 24 जनवरी तक के लिए मामले की सुनवाई टाल दी थी, लेकिन इसके बाद निर्भया की मां ने कोर्ट से आज ही मामले की सुनवाई करने की अपील की। उनकी अपील पर कोर्ट ने सुनवाई के लिए राजी हो गया।

**डेथ वहरंट जारी करने पर 7 जनवरी को फैसलाः** निर्भया के दोषी अक्षय ठाकुर की याचिका सुप्रीम कोर्ट से बुधवार को खारिज हो गई है। कोर्ट रूम में मौजूद निर्भया के पैरंट्स ने इस फैसले पर खुशी जाहिर की। हालांकि, पटियाला हाउस कोर्ट से डेथ वॉरंट जारी नहीं होने पर काफी निराश दिखीं और भरे गले से कहा कि हमको तो बस तारीख पर तारीख मिल रही है।



सुप्रीम कोर्ट ने आज 4 दोषियों में से एक अक्षय ठाकुर की रिव्यू पिटिशन खारिज करते हुए कहा कि ट्रायल और फैसले में कोई खामी नहीं है। पटियाला हाउस कोर्ट में दोषियों को डेथ वॉरंट जारी करने संबंधी याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 7 जनवरी तक का वक्त तय किया है।

### नाबालिग होने का किया था दावा

गौरतलब है कि निर्भया गैंगरेप और हत्या के मामले में 4 दोषियों को फांसी की सजा सुनाई गई है। इनमें से एक पवन गुप्ता ने बुधवार को कोर्ट में याचिका दायर कर दावा किया है कि घटना के समय वह नाबालिग था। पवन की तरफ से कोर्ट में पेश हुए उसके वकील ए. पी. सिंह ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने इस मामले में गलत तरीके से काम किया और उनके मुवक्किल का पक्ष ठीक ढंग से नहीं रखा गया।

# भारत सीमा पर तैनात कर रहा मिसाइल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को एक और चिट्ठी लिखी है, चिट्ठी में ऐसा दावा किया गया है कि भारत ने कश्मीर से लगती सीमा पर विभिन्न प्रकार के मिसाइल तैनात किए हैं और वह कश्मीर की श्गंभीर स्थितिश से दुनिया का ध्यान भटकाने के लिए पाकिस्तान पर हमला कर सकता है।

बता दें कि इसका बयान ऐसे समय में आया है जब हाल ही में इंडियन आर्मी चीफ जनरल बिपिन रावत ने कहा था कि सीमा पर स्थिति कभी भी बिगड़ सकती है और सेना उससे निपटने के लिए तैयार है। ऐसा लग रहा है कि पाकिस्तान, आर्मी चीफ के इस बयान से डर गया है और सुरक्षा परिषद में प्रॉपेगैंडा फैला रहा है।

### दावा

डरे पाकिस्तान की यूएनएससी को 7वीं चिट्ठी



**विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने किया दावा**

पाक विदेश कार्यालय की तरफ से बुधवार को जारी बयान के मुताबिक, कुरैशी ने अपनी चिट्ठी में दावा किया कि भारत ने विभिन्न रेंज व क्षमता वाले टेस्टिंग मिसाइल को तैनात किया है।

### भारत कश्मीर से ध्यान भटकाने को मिसाइल दाग सकता है

हाल के महीनों में कुरैशी ने अपनी चिट्ठियों के माध्यम से यूएनएससी और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतेनियो गुतारेस से कश्मीर की स्थिति पर बात की। कुरैशी ने इसके साथ ही यूएनएमओजीआईपी को क्षेत्र में मजबूत करने की अपनी अपील को दोहराया।

उधर, भारत ने यह बार–बार कहा है यूनाइनटेड नेशंस मिलिटरी ऑब्जरवर ग्रुप इन इंडिया ऐंड पाकिस्तान (यूएनएमओजीआईपी) जिसकी स्थापना 1949 में हुई है, उसने अपनी सार्थकता खो दी है और शिमला समझौते के बाद अप्रासंगिक हो गई है।

12 दिसंबर को सुरक्षा परिषद और यूएन महासचिव के नाम अपनी 7वीं चिट्ठी में कुरैशी ने कहा कि भारतीय कार्रवाई से दक्षिण एशिया में पहले से चल रहे तनाव और बढ़ेंगे।

# संशोधित नागरिकता कानून लागू होगा,एनआरसी भी लागू होगाः नड्डा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश के विभिन्न हिस्सों में जारी विरोध प्रदर्शन के बीच बीजेपी ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि देश में संशोधित नागरिकता कानून लागू किया जाएगा और भविष्य में एनआरसी भी लागू होगा। बीजेपी मुख्यालय में अफगानिस्तान के शरणार्थियों से भेंट के बाद पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में जो फैसले लेता है, वो मानवतावादी और देश हित में होते हैं। उन्होंने कहा, श्मैं इस मंच से संशोधित नागरिकता कानून का विरोध करने वालों को भी स्पष्ट कहना चाहता हूं कि वो वोटबैंक की राजनीति छोड़ दें।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in